To Solve the Problem of Sewerage

***89 Sh. BHARAT BHUSHAN BATRA(Rohtak):**

Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that the sewerage on the Kachha Beri road in Rohtak Assembly Constituency remained chocked daily; if so, whether any efforts are being made by the Government to solve the said problem togetherwith the time by which the said problem is likely to be solved permanently;

b) whether it is also a fact that a park is developed on the road of the abovesaid drain which is leading towards the old bus stand and Community Centre across the road; if so, the reasons thereof; and

c) whether it is also a fact that the abovesaid park has been developed on the site of shelter home; if so, the reasons for developing the park on the site of shelter home togetherwith the details thereof?

Dr. KAMAL GUPTA, URBAN LOCAL BODIES MINISTER

Sir, a statement is laid on the table of the House.

Statement in reply to starred AQ*89, February 2024

Sir,

a) (i) Sewer line on the Kachha Beri road is cleaned and de-silted regularly by the Public Health Engineering Department. Moreover, the drains abutting the dairies are cleaned regularly by the Municipal Corporation. One Assistant Sanitary Inspector has been deputed to supervise the regular cleaning of these drains through 10 sweepers, 4 tractor trolleys with 6 helpers.

(ii) Administrative approval amounting to Rs. 1659.36 Lakh has already been accorded to upgrade the basic amenities in the Kanheli Dairy Complex. After completion of work, the dairies of the said area will be shifted in the dairy complex to resolve this problem permanently.

b&c) A site for Night Shelter is earmarked on the road leading towards the old bus stand and Community Centre. A room has been constructed by the Municipal Corporation to be used for Night Shelter. Further, Municipal Corporation, Rohtak has also carried out landscaping work at the site on the demands of local residents.

सीवरेज की समस्या का समाधान करना

***89 श्री. भारत भूषण बतरा (रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कच्चा बेरी सड़क पर सीवरेज प्रतिदिन अवरुद्ध रहता है; यदि हां, तो क्या उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की सम्भावना है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त ड्रैन की सड़क, जो पुराने बस अड्डे तथा सड़क पार सामुदायिक केंद्र की तरफ जाती है, पर एक पार्क विकसित किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त पार्क को रैन बसेरा की जगह पर विकसित किया गया है; यदि हां, तो रैन बसेरा की जगह पर पार्क विकसित करने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

डा. कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री।

श्रीमान जी, एक वक्तव्य सदन के पटल पर रखा गया है।

तारांकित *89, फरवरी 2024 के उत्तर का वक्तव्य।

श्रीमान जी,

क)(i) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कच्चा बेरी रोड पर सीवर लाइन की नियमित सफाई और गाद निकालने का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम द्वारा डेयरियों से सटे नालों की नियमित रूप से सफाई की जाती है। एक सहायक सफाई निरिक्षक को 10 सफाई कर्मचारियों, 4 ट्रैक्टर ट्रॉलियों और 6 सहायकों के साथ नियमित सफाई की निगरानी के लिए तैनात किया गया है।

(ii) कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के लिए 1659.36 लाख रू. की प्रशासकीय स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी हैं। इस कार्य के पूरा होने के उपरान्त इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए उक्त क्षेत्र की डेयरियों को डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

(ख व ग) पुराने बस स्टैंड और सामुदायिक केंद्र की ओर जाने वाली सड़क पर रैन बसेरा के लिए एक स्थान चिन्हित है। नगर निगम द्वारा एक कमरे का निर्माण कराया गया है जिसका उपयोग रैन बसेरा के लिए किया जाना है। इसके अतिरिक्त नगर निगम, रोहतक ने स्थानीय निवासियों की मांग पर इस जगह लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया है।